मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 27/02/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या -108 /2026
27 फरवरी 2026
झारखण्ड विधानसभा
====================

◆ झारखंड विधानसभा में आज होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन
====================

◆ विधानसभा अध्यक्ष श्री रबीन्द्र नाथ महतो एवं मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के साथ तमाम विधायकों ने खेली फूलों की होली, रंगों के त्योहार की दी बधाई और शुभकामनाएं

====================

- **सभी की जिंदगी में खुशियों का रंग हमेशा रहे बरकरार**

श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखण्ड

झारखंड विधानसभा के चल रहे बजट सत्र में आज की शाम कुछ विशेष थी। अवसर था- होली मिलन समारोह का। विधानसभा अध्यक्ष श्री रबीन्द्र नाथ महतो और मुख्यमंत्री श्री हेमन्त के साथ मंत्री गणों तथा विधायक गणों

ने फूलों की होली खेली और एक -दूसरे को रंगों के त्योहार की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने राज्य वासियों को होली की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी जिंदगी में खुशियों का रंग हमेशा बरकरार रहे। उन्होंने कहा कि होली पारस्परिक प्रेम, आपसी भाईचारा और सौहार्द -सदभाव का पर्व है। इस त्योहार को हम सभी उमंग और उत्साह के साथ मनाएं।

###

==============

TeamPRD(CMO)